प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 26.03.2025 समय : 01:00 पी.एम.

00000

विधानसभा में आज राज्यस्तरीय **विकसित भारत युवा संसद** का आयोजन किया जा रहा है। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर नेताप्रतिपक्ष टीकाराम जूली भी मौजूद है। देश के विकास में युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय की ओर से इसका आयोजन हो रहा है। सभी जिलों में हुए युवा संसद कार्यक्रम में चुने गये 140 प्रतिभागी राज्यस्तरीय युवा संसद में अपने विचार साझा कर रहे हैं। राज्यस्तरीय युवा संसद में चुने जाने वाले तीन उत्कृष्ट प्रतिभागियों को राष्ट्रीय युवा संसद में भाग लेने का मौका मिलेगा।

00000

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे बीकानेर दौरे पर हैं। श्री बागडे महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय के 9वें दीक्षांत समारोह में हिस्सा ले रहे हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य मनोज दीक्षित ने बताया कि समारोह में पिछले दो शिक्षा सत्रों के अभ्यर्थियों को डिग्रियों का वितरण किया जा रहा है। वहीं दोनो सत्रों के 125 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक और 50 को पीएचडी की उपाधियां प्रदान की जा रही है।

00000

राजस्थान दिवस साप्ताहिक महोत्सव के तहत आज बीकानेर में राज्यस्तरीय किसान सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा समारोह में मौजूद हैं। उन्होंने 30 हजार किसानों को 137 करोड़ रूपये की अनुदान राशि **हस्तान्तरित** की। इससे पहले उन्होंने किसान उत्पादक संगठन एफपीओ मेले और प्रदर्शनी का शुभारम्भ किया। मुख्यमंत्री विभिन्न जिलों के किसानों से वर्चुअल संवाद कर रहे हैं। स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय परिसर में हो रहे इस सम्मेलन में किसान कल्याण के लिए कई घोषणाएं की जा रही है। इसमें प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि में राशि बढोतरी और मुख्यमंत्री थार सीमा क्षेत्र विकास कार्यक्रम का ऐलान भी शामिल है। इसके साथ ही मंगला पशु बीमा योजना में लाभान्वितों का दायरा बढाना और पशुधन स्वास्थ्य के लिए निशुल्क औषधियों और टीकों की संख्या 138 से बढाकर 200 किये जाना भी शामिल हैं। ऑर्गेनिक खेती को बढावा देने के लिए बैल से खेती प्रोत्साहन योजना सहित पॉली हाउस, सौर पम्प, कृषि उपकरण, प्याज भंडारण और मधुमक्खी पालन से जुडी 12 अन्य योजनाएं भी शुरू की गयी हैं। राजस्थान दिवस महोत्सव की श्रंखला में आज नई दिल्ली स्थित बीकानेर हाउस में राजस्थान उत्सव का आगाज होगा। मुख्यमंत्री श्री शर्मा शाम को इसका उद्घाटन करेंगे। इसी कड़ी में कल भरतपुर में गरीब और अन्त्योदय कल्याण समारोह रखा गया है।

00000

भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाने में अल्पसंख्यकों का योगदान महत्वपूर्ण है। अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कल नई दिल्ली में एक सम्मेलन में अल्पसंख्यकों की शिक्षा और कौशल विकास को प्राथमिकता देने पर बल दिया।

.....

भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा ने **सौगात–ए–मोदी** अभियान की शुरुआत की है। इसका उद्देश्य देशभर में 32 लाख गरीब मुस्लिम परिवारों को ईद के अवसर पर विशेष किट वितरित करना है। बीजेपी अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी ने बताया इस पहल का लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि गरीब परिवार बिना किसी कठिनाई के त्यौहार मना सकें।

0000

फलौदी जिले के शेरगढ क्षेत्र में बीती रात डम्पर और कार की टक्कर में कार सवार तीन लोगों की मृत्यु हो गई और दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को जोधपुर रैफर किया गया है। पुलिस के अनुसार हादसा चाबा गांव में हुआ। कार सवार यात्री जैसलमेर से जोधपुर जा रहे थे।

00000

प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए एक अप्रैल से आवेदन किये जा सकेंगे। महिला और बाल विकास मंत्रालय की ओर से जारी सूचना के अनुसार ये पुरस्कार बहादुरी, खेल, सामाजिक सेवा, विज्ञान, प्रौद्योगिकी, कला, संस्कृति और पर्यावरण के क्षेत्र में प्रतिभावान बच्चों को दिये जाते है। इसके लिए पांच वर्ष से अधिक और 18 वर्ष से कम आयु के बच्चे राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर आवेदन कर सकते है।

00000